# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यो में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य

## चर्चा में क्यों?

30 मार्च, 2023 को छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यो में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। प्रदेश में योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 8193 सड़कें जिनकी लंबाई 40,234 किमी. है, का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

## प्रमुख बिंदु

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के नवीनीकरण के लिये राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से बजट उपलब्ध कराने से मिली है।
- मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य शासन से इस योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण के लिये सर्वाधिक 700 करोड़ रुपए का बजट मिला। वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 6000 किमी. सड़कों के नवीनीकरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5436 किमी. के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- प्रदेश के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। संभाग की अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र की 231 किमी. लंबी 75 सड़कों का 37 करोड़ रुपए की लागत से संधारण किया गया।
- इसी तरह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा संभाग की 146 सड़कें, जिनकी लंबाई 560 किमी. है, उनका संधारण 90 करोड़ रुपए की लागत से किया गया। अति नक्सल प्रभावित नारायणपुर ज़िला अंतर्गत जहाँ पूर्व में कोई भी नवीनीकरण का कार्य नहीं हुआ था, वहाँ भी सड़क निर्माण पश्चात् पहली बार 10.50 किमी. लंबी 04 सड़कों के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवीनकरण कार्य हेतु 2915 किमी. लंबी 782 सड़कों के संधारण के लिये 779 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है।
- उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों में नवीनीकरण कार्य हेतु नियमित रूप से राज्य शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराए जाने के फलस्वरूप नवीनीकरण कार्य में देश में अग्रणी स्थान पर है।
- पंचायत मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों का संधारण एवं रखरखाव का दायित्व राज्य सरकार का रहता है। भारत सरकार द्वारा इसके लिये कोई भी राशि नहीं दी जाती है। इस संबंध में भारत सरकार को भी केंद्रांश दिये जाने का अनुरोध किया जाता रहा है।
- प्रदेश में योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 8193 सड़कें जिनकी लंबाई 40,234 किमी. है, का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन निर्मित सड़कों से 10,590 पात्र बसाहटें लाभान्वित हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्मित सड़कें ग्रामीण क्षेत्र की आबादी के लिये आवागमन का एक मात्र बारहमासी मार्ग होता है। ग्रामीणों के लिये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें जीवन रेखा के समान हैं।
- पंचायत मंत्री ने बताया कि कार्य पूर्णता पश्चात् 05 वर्ष तक नियमित संधारण कार्य का दायित्व अनुबंधकर्त्ता ठेकेदार का होता है। कुल निर्मित सड़कों में से 3664 सड़कें जिनकी लंबाई 17,577 किमी. है, पाँच वर्ष नियमित संधारण के अंतर्गत हैं, शेष सड़कों के निर्माण की पाँच वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात व नवीनीकरण की स्थिति में हैं। अब तक कुल 5609 सड़कें जिनकी लंबाई 22,700 किमी. है, का नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।





PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-among-leading-states-in-maintenance-renovation-of-roads-constructed-under-pmgsy